## खबर संक्षेप

### विक्रमदेव बने डिप्टी कलेक्टर

**पांढुर्णा।** जिले के ग्राम गोविंदपुर के विक्रमदेव सरयाम ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC) 2024 की परीक्षा में दसवीं रैंक प्राप्त कर डिप्टी कलेक्टर (DC) पद हासिल किया है। उनकी यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि त्याग, संघर्ष और भाई-बहन के रिश्ते की सबसे प्रेरणादायक कहानी है।विक्रमदेव किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता श्री देवराम सरयाम एक किसान हैं और माता श्रीमती रामप्यारी सरयाम गृहिणी हैं। खेती-किसानी और साधारण जीवनयापन के बीच परिवार ने हमेशा विक्रमदेव की पढ़ाई और सपनों का पूरा साथ दिया।विक्रमदेव ने अपनी प्राथमिक शिक्षा गोविंदपुर और आदिवासी बालक आश्रम, छिंदवाड़ा से प्राप्त की। इसके बाद कक्षा 9वीं से 12वीं तक उन्होंने शासकीय उत्कर्ष विद्यालय से पढ़ाई की। उनकी संपूर्ण स्कूली शिक्षा हॉस्टल में रहकर पूरी हुई। उच्च शिक्षा के लिए विक्रमदेव भोपाल पहुँचे और वहाँ से स्नातक (B.A.) किया। साधारण परिवेश और सीमित संसाधनों में पढ़ाई पूरी करने के बाद भी उन्होंने बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने की हिम्मत नहीं छोड़ी।उनका सफ़र संघर्षों से भरा रहा। 2018 में पहली बार परीक्षा दी तो वे मात्र एक अंक से प्री परीक्षा से बाहर हो गए। 2019 में इंटरव्यू तक पहुँचे, पर चयन नहीं हो पाया। 2020 की मुख्य परीक्षा में भी असफल रहे। लगातार असफलताओं और कोरोना काल की आर्थिक तंगी ने उन्हें इतना निराश कर दिया कि उन्होंने तैयारी छोड़ने का मन बना लिया।लेकिन उसी कठिन घड़ी में उनकी छोटी बहन दीपा ने ढाल बनकर खड़ी हो गई। उसने अपनी M.Sc. की पढ़ाई बीच में रोक दी और भाई के पास इंदौर जाकर IT पार्क में प्राइवेट जॉब ज्वाइन कर ली, ताकि भाई बिना चिंता के पढ़ाई कर सकें। दीपा का जीवन संघर्ष का दूसरा नाम बन गया—सुबह जल्दी उठकर घर का काम, फिर पूरे दिन दफ़्तर, शाम को लौटकर दोबारा घर की ज़िम्मेदारी।



### निगम अध्यक्ष ने कहा सोनू ने कहा यह लड़ाई कांग्रेस की नहीं आम आदमी की लड़ाई है, जनहित का मुद्दा है

# स्वच्छता, जल, सम्पत्तिकर के विरोध में कांग्रेस का अभूतपूर्व प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

भाजपा सरकार के आर्थिक अत्याचार से प्रताड़ित नगर पालिक निगम क्षेत्र की जनता को बचाने के लिए कांग्रेस पार्षद दल और शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में हल्ला बोल प्रदर्शन किया गया। राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में एकजुट होकर कांग्रेसजन व नगर के आमजन रैली के रूप में बढ़े हुए टैक्स व भ्रष्टाचार की अर्थी लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर पालिक निगम कार्यालय पहुंचे, अपनी मांगों का ज्ञापन निगम कमिश्नर के नाम प्रस्तुत किया।

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने नगर निगम क्षेत्र के विकास व आंतरिक सड़कों के निर्माण के लिए भरपूर राशि दी, किन्तु जनता पर कभी टैक्स का बोझ नहीं डाला। उन्होंने विकास के लिए राशि दी तब भी भाजपा की सरकार थी और आज भी भाजपा की सरकार है इन्होंने केवल टैक्स के माध्यम से जनता को लूटा है। कांग्रेस के द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया कि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-2025 में हुई निगम की एमआइसी की बैठक के उपरांत छिन्दवाड़ा नगर के विकास के नाम पर मध्यम वर्गीय नगरवासियों और विशेषकर निर्धन व मध्यम आय वाले लोगों को की अनदेखी करते हुए भाजपा ने मनमाने ढंग से कर का बोझ थोप दिया। टैक्स ने आम लोगों की आर्थिक स्थिति को कमजोर करने का काम किया है। प्रतिदिन मजदूरी कर परिवार चलाने वाला व्यक्ति इस असमंजस में है कि वह घर का किराना खरीदे, बच्चों को पढ़ाएं, सुख-सुविधाएं जुटाए या फिर अपनी आमदनी का अधिकांश हिस्सा केवल निगम को टैक्स के रूप में सौंप दें। सम्पत्ति कर में 10 प्रतिशत, स्वच्छता शुल्क दस गुना, जलकर में 49 प्रतिशत बढ़ाकर नगर की जनता पर निगम में काबिज भाजपा ने थोपा है। एमआइसी में बहुमत का ढिंढोरा पीटकर बिना निर्धारित प्रक्रिया के छलपूर्वक जनता पर बढ़ा हुआ कर थोपा है जिसे तत्काल वापस लिया जाए।

कांग्रेस ने प्रस्तुत ज्ञापन में आगे कहा कि मनमाना कर थोपने के बावजूद भी निगम क्षेत्र की जनता को सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं मिल रहा है। स्वच्छ पेयजल की जगह दूषित जल पिलाया जा रहा। शहर की आंतरिक सड़कें खस्ता हाल व गड्डे होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही जिसके लिए निगम जिम्मेदार है फिर भी निगम सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। कांग्रेस के निर्वाचित पार्षदों के वार्डों में विकास कार्यों को साजिश के तहत बाधित किया जा रहा है। उपरोक्त बिन्दुओं पर ध्यानाकार्षण कर अविलम्ब शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार, बदहाल सड़कों का सुधार, शुद्ध व पर्याप्त पेयजल के इंतजाम, लम्बित कार्यों को अविलम्ब आरंभ कराएं साथ ही बढ़ा हुआ टैक्स तत्काल वापस लिया जाए।






#### इन्होंने किया संबोधित

कांग्रेस के वक्ताओं ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा शासित निगम ने जनता पर अप्रत्याशित कर थोपा है, जिससे नगर के सम्पूर्ण 48 वार्डों की जनता आर्थिक रूप से शोषित व प्रताडित हो रही है। निगम की जनता बढ़े हुए टैक्स और असुविधाओं से जूझ रही है। जनता पर थोपा गया टैक्स भाजपा का गब्बर सिंह टैक्स है जिसमें जनता को सुविधाएं कम और जनता के साथ लूट अत्याधिक है। निगम जनता से टैक्स वसूल रही है और सेवा जिले के सांसद की कर रहे। निगम में ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े वार्ड असुविधाओं का सामना कर रहे हैं इस ओर निगम का कोई ध्यान नहीं है।

#### ये रहे मौजूद

ज्ञापन प्रस्तुत करते समय जिला कांग्रेस, शहर कांग्रेस, समस्त कांग्रेस पार्षद दल, कांग्रेस पूर्व उप ब्लॉक, पश्चिम उप ब्लॉक, उत्तर उप ब्लॉक, दक्षिण उप ब्लॉक, मध्य उप ब्लॉक के समस्त अध्यक्षगण, कार्यकारी अध्यक्षगण, प्रभारीगण, जोन अध्यक्षगण, वार्ड अध्यक्षगण, बूथ अध्यक्षगण, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, किसान कांग्रेस, कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ, आदिवासी विभाग व शहर महिला कांग्रेस व कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के पदाधकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### निगम कार्यालय के सामने दी मुखाग्नि, सिर पीटकर रोई महिलाएं



राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय से हिन्दू रीति-रिवाज के साथ बढ़े हुए टैक्स व भ्रष्टाचार की अर्थी लेकर निकले कांग्रेसजन दशहरा मैदान, जिला अस्पताल, फव्वारा चौक, एक्सीलेंस स्कूल, जनपद कार्यालय से कलेक्ट्रेट होते हुए निगम कार्यालय पहुंचे और बीच सड़क पर बैठकर जनहित में टैक्स को अविलम्ब कम किए जाने की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। ज्ञापन प्रस्तुत करने के उपरांत निगम के सामने बढ़े हुए टैक्स व भ्रष्टाचार की अर्थी को मुखाग्नि देने के साथ निगम का पुतला भी फूंका।

**सिर पीटकर रोई महिलाएं, किया अनोखा प्रदर्शन** : अर्थी पर सिर पीटकर रोती महिलाओं ने अनोखा प्रदर्शन किया। जैसे ही आठ दस महिलाओं ने चींखना चिल्लाना और रोना शुरू किया तो चारों तरफ हलचल तेज हो गई। निगम के इतिहास में यह पहला विरोध प्रदर्शन था जो कि इतने जबरदस्त तरीके से किया गया।

### सांसद खेल महोत्सव में कल रहेगी ऑनलाईन पंजीयन करने की अंतिम तिथि

**छिंदवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में जिलें सहित प्रदेश और देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से दोनों जिलों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। जिससे जहां जिला, विकासखंड, ग्राम पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्रों एवं वार्ड स्तर तक के सभी खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में खेलने का अवसर मिलेगा वहीं चयनित खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर भी मिलेगा। दोनों जिलों के प्रतिभागी सांसद खेल महोत्सव में अपनी प्रतिभा का परिचय देकर आगामी औलम्पिक और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में जिलें का प्रतिनिधित्व करे। सांसद खेल महोत्सव प्रतिभाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह बात बंटी विवेक साहू ने बताते हुए दोनों जिलों के खिलाड़ियों से क्यूआर और बेवसाइट के माध्यम से पंजीयन की अंतिम तिथि 20 सितंबर तक सांसद खेल महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाईन पंजीयन करने की अपील की है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और शिक्षकों व अधिकारियों से अपील की है कि वे भी उक्त आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए उन्हें सांसद खेल महोत्सव में ऑनलाईन पंजीयन के माध्यम से शामिल कराये।

**25 दिसंबर तक चलेगा सांसद खेल महोत्सव** : उल्लेखनीय है कि मेजर ध्यानचंद की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को सांसद खेल महोत्सव का शुभारम्भ किया गया था। 25 दिंसबर तक आयोजित होने वाले युवा शक्ति का उत्सव सांसद खेल महोत्सव में 20 सिंतबर तक खिलाड़ियों के लिए खेल मंत्रालय दिल्ली द्वारा बनाई गई बेवसाइट में दिए गए क्यूआर और बेवसाइट के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन की व्यवस्था की गई है। इसके बाद 21 सिंतबर से सांसद खेल महोत्सव शुरू होगा, जो की 25 दिंसबर तक आयोजित किया जायेगा। इसमें 32 प्रमुख विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाना है। 25 दिंसबर को इसका समापन किया जायेगा।

### ग्रामीणजनों से न्यायालय में चल रहे मामलों की जानकारी ली और दी सलाह

**छिंदवाड़ा।** विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से संचालित योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने एवं योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो इस हेतु सुशांत हुद्दार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन मे विधिक जागरूकता कार्यक्रम छिंदवाडा विकास खंड के ,रंगीन खापा पंचायत भवन मे किया गया । इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह ने उपस्थित जनो को वृद्ध जनो मिलने वाली न्यायिक सेवा ओर अधिकारो की जानकारी के साथ महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 क्या हे ,हिंसा किसे कहते हे , पारीवारिक विवाद के मामलो मे मध्यस्थता करना, निशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना ,भरण पोषण की जानकारी दी , महिलाओं के लिए बने कानून उनके अधिकारो से अवगत कराया वही पंचायत मे इये जरूरत मंदो की न्यायालय से सम्बंधित मामलो को सुनकर उन्हे उचित सलाह दिया गया ताकी हितग्राही भ्रमित ना हो पाये, अधिक जानकारी के लिए नालसा टोल फ्री नम्बर 15100 पर भी जानकारी ली जा सकती हे । इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्यामल राव ने जरूरतमंद लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं में पारिवारिक विवाद के मामलो का न्यायालय मे चल रहे मामलो का मध्यस्थता के माध्यम से शुलभ तरीके हल निकाला जाता हे, मध्यस्थता विषयों पर प्रकाश डालते हुए बताया की मध्यस्थता विवादों को निपटाने की सरल प्रक्रिया एवं निष्पक्ष प्रक्रिया है जिसमे दोनो पक्ष अपने विवाद को अधिकारी के समक्ष रखते हे ओर उन्हे सुनकर एक स्वच्छ वातावरण मे उन विवादो का निपटारा करते हे वही विवादो से होने वाले नुकसान से अवगत कराया जाता है ।

## महापौर ने किया जमुनझिरी अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र का निरीक्षण

**लिचेट टैंक खाली करने, सूखे-गीले कचरे के समुचित निपटान और लिगसी वेस्ट निपटाने के दिए सख्त निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

महापौर विक्रम अह्के ने नगर निगम स्थित जमुनझिरी अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गीले कचरे के निष्पादन हेतु बनाए गए विंड्रो, पिट कंपोस्टिंग और वर्मी कंपोस्टिंग की कार्यप्रणाली देखी। निरीक्षण में ओवरलोड हो रहे लिचेट टैंक को तत्काल खाली करने के निर्देश महापौर ने अधिकारियों को दिए।सूखे कचरे के निपटान हेतु बनी मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) का भी उन्होंने निरीक्षण किया, जहाँ अलग-अलग रखी गई सामग्री के निपटान के लिए प्रॉपर चैनल की जानकारी अधिकारियों से मांगी। महापौर ने ट्रेमल, फटका, बेलिंग श्रेडर और गट्टा मशीन की कार्यप्रणाली को भी मौके पर देखा।लिगसी वेस्ट के निपटान की स्थिति की समीक्षा करते हुए महापौर ने दयाचरण कंपनी के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि आरडीएफ (रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल) का समुचित निपटान किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही लिगसी वेस्ट को निर्धारित समयावधि में पूरी तरह से निपटाने के भी निर्देश प्रदान किए।निरीक्षण के दौरान महापौर श्री विक्रम अह्के के साथ नोडल अधिकारी अभिनव तिवारी, शशांक मंगरुलकर, लिगसी वेस्ट से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले में अभी तक 966.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 966.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 1212.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिला 18 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 14 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 18 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 15.8, तामिया में 01, अमरवाड़ा में 1.2, चौरई में 37, हर्रई में 53.6, बिछुआ में 9.2, परासिया में 7.2, जुन्नारदेव में 25, चांद में 02 और उमरेठ में 2.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 866.5, मोहखेड़ 935.6, तामिया में 1131.2, अमरवाड़ा में 926.2, चौरई में 929.8, हर्रई में 1341.9, बिछुआ में 902.3 वर्षा हुई।

## लगाए लाइट, भरे गए गड्ढे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पंचायत चांदामेटा के द्वारा चांदामेटा से न्यूटन मार्ग में गुरुवार को सड़क किनारे लाइट लगाए गए । साथ ही सड़क पर मौजूद गड्ढों को भरा गया । यह कार्य नपं अध्यक्ष गोविन्द बिजोलिया की मौजूदगी में किया गया । मार्ग में लाइट लगने और गड्ढे भरे जाने से न्यूटन , नार्थ चांदामेटा , जाटाछापर आने - जाने वालों को राहत मिलेगी ।

### अब चिमटीपुर के वासियों को मिलेगा भरपूर पानी

**छिंदवाड़ा।** जिले के विकासखंड तामिया का दूरस्थ ग्राम चिमटीपुर कभी पेयजल संकट से जूझता था। यहां के ग्रामीणों, विशेषकर बच्चों और छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ रोजाना कई किलोमीटर दूर पानी लाने जाना पड़ता था। पढ़ाई में बाधा आने के साथ ही गांव की महिलाओं और बच्चियों को भी पानी की तलाश में कठिनाई झेलनी पड़ती थी। परंतु आज चिमटीपुर एक नई मिसाल बनकर उभरा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, परासिया के क्षेत्र अंतर्गत, जल जीवन मिशन की महत्वाकांक्षी योजना, जो कई वर्षों से परंपरागत विद्युत संयोजन के अभाव के कारण रुकी हुई थी, अब साकार हो गई है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा एक नवाचारी पहल की गई और गांव में सौर ऊर्जा संचालित पंप स्थापित कर पेयजल प्रदाय योजना को पूरी तरह से ऊर्जीकृत किया गया। इस पहल के बाद गांव के हर घर में नल से पानी पहुंच रहा है और 'हर घर जल' का सपना हकीकत बन चुका है। अब छात्र-छात्राओं को पढ़ाई छोड़कर पानी ढोने नहीं जाना पड़ता और महिलाओं को भी दिनभर दूर स्थित कुएं-बावड़ी की दौड़ से मुक्ति मिल गई है।

## ज्ञान भारतम अन्तराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए आकाश

**11 से 13 सितंबर को विज्ञान भवन नई दिल्ली में हुआ आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




11 से 13 सितंबर को संस्कृति मंत्रालय ने 'ज्ञान भारतम' नामकएक ऐतिहासिक राष्ट्रीय पहल शुरू की है, जो भारत की पांडुलिपि धरोहर केसंरक्षण, डिजिटलीकरण और प्रसार के लिए समर्पित है। इस अवसर मंत्रालय कीओर से नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 11 से 13 सितंबर तक'पांडुलिपि विरासत के माध्यम से भारत की ज्ञान विरासत को पुनः प्राप्तकरने' पर पहला 'ज्ञान भारतम' अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

भारत और विदेश के विद्वानों, विशेषज्ञों, संस्थानों और सांस्कृतिककार्यकर्ताओं सहित 1,100 से अधिक प्रतिभागियों को एक साथ लाकर, इससम्मेलन ने चर्चा, विचार-विमर्श और भारत की पांडुलिपि संपदा के संरक्षण,डिजिटलीकरण और इसे दुनिया के साथ साझा करने की दिशा के लिए मार्ग प्रशस्तकरने में सहयोगी मंच तैयार किया। इसी कार्यक्रम में भाग लेने के लिएछिंदवाड़ा के जनजातीय कार्य विभाग के आकाश लालवानी उ.मा.शि. शा.उमा.वि.खुलसान तामिया प्रतिभागी के रूप में कार्यक्रम में शामिल होकर इसकार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी ।

उनकी इस उपलब्धि पर सहायक आयुक्तजनजातीय विभाग श्री सतेन्द्र मरकाम, सहायक संचालक श्री उमेश सातनकर,विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री बलवंत सानेर संस्था प्राचार्य श्री हरीशसाहू सहित सभी विभाग शिक्षकों ने बधाई दी।

### राजाखोहढाना में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

**छिन्दवाड़ा।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में कई ऐसे वीरों का योगदान है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। इन वीरों में गोंडवाना (गढ़ा कटंगा) साम्राज्य के राजा शंकर शाह और उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह का नाम अमर है। राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनके बलिदान की पुण्य स्मृति में हर वर्ष 18 सितंबर को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने अमर शहीद महाबलिदानी राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर परम श्रद्धेय राजा जाटवा शाह की जन्मस्थली जाटवा ढाना के प्रवास के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मुझे प्रसन्नता होती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आदिवासी वर्ग को उनका हक दिलाने, उनके मान सम्मान और उनके कल्याण के लिए सरकार द्वारा भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं।

## अजय ठाकरे को फिर मिला नपं न्यूटन का प्रभार



**न्यूटन / परासिया** : दमुआ नगर पालिका सी एम ओ अजय ठाकरे को फिर से नगर पंचायत न्यूटन चिखली अतिरिक्त प्रभार मिला है । भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं और पार्षदों ने अजय ठाकरे का बड़ी गर्मजोशी से स्वागत किया है । भाजपा के श्री चंद पटेल पार्षद जयंत राय , निकिता बरखे , रमेश साहू , अश्वनी यदुवंशी , राजेंद्र (बबुआ ) यादव ने सी एम ओ के पुनः प्रभार ग्रहण करने पर खुशी जाहिर की है । बता दें कि अजय ठाकरे पूर्व में फुल फ्लेश सी एम ओ रहे हैं । उनका ट्रांसफर दमुआ हो जाने के बाद बड़कुही नगर पंचायत में पदस्थ सी एम ओ राहुल कौरव को न्यूटन नगर पंचायत का प्रभार सौंपा गया था ।

## नवरात्रि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं: एसपी

**छिंदवाड़ा।** दुर्गा उत्सव एवं गरबा उत्सव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस कंट्रोल रूम छिंदवाड़ा में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष दुर्गा उत्सव पर्व एवं गरबा उत्सव मनाया जाना है, जिसे मद्दे नजर रखते हुयें शहर में शांति, कानून-व्यवस्था और सौहार्द्र बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शांति समिति बैठक का आयोजन पुलिस कंट्रोल रूम छिंदवाडा में किया गया। पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पाण्डे के निर्देशन में आगामी दुर्गा उत्सव एवं गरबा उत्सव को शांतिपूर्ण रूप से मनाये जाने हेतु पुलिस कंट्रोल रूम में राजस्व पदाधिकारी,अन्य विभागों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें त्यौहारों को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराये जाने के संबंध मे विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा, थाना प्रभारी यातायात राकेश तिवारी, थाना प्रभारी कोतवाली आशीष धुर्वे आदि मौजूद रहे।



### जिला सहकारी बैंक की 112 वीं वार्षिक आमसभा का हुआ समापन

# बैंक को हुआ 1 करोड़ 90 लाख से अधिक का लाभ, संभाग में है अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक छिन्दवाड़ा की 112 वी वार्षिक आमसभा 17 सितम्बर दिन बुधवार को कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बैंक मुख्यालय में संपन्न हुई। कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री शीलेन्द्र सिंह ने विगत वर्षो की तुलना में बैंक द्वारा वर्ष 2024-25 में की गई उल्लेखनीय प्रगति से अवगत कराते हुए अपना प्रशासकीय उद्बोधन दिया।

श्री सिंह ने सभी सम्माननीय अंशधारकों का हार्दिक स्वागत करते हुये कहा कि "मुझे आपके समक्ष बैंक के द्वारा वर्ष 2024-25 के दौरान की गई उल्लेखनीय प्रगति को प्रस्तुत करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है। यह वर्ष बैंक के लिए उल्लेखनीय प्रगति से भरा हुआ वर्ष रहा है। बैंक की इस उल्लेखनीय प्रगति में आप सभी अंशधारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसके लिए मैं बैंक की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। मैं अवगत करना चाहूंगा कि बैंक के द्वारा इस वर्ष भी राशि रूपये 190.78 लाख (एक करोड़ नब्बे लाख अठहत्तर हजार मात्र) का शुद्ध लाभ अर्जित किया है इस प्रकार बैंक 31.03.2025 की स्थिति में राशि रूपये 2006.49 लाख (बीस करोड़ छः लाख उनचास हजार मात्र) के संचित लाभ में है। बैंक के द्वारा उधारों में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग राशि रू. 21.78 करोड़ (इक्कीस करोड़ अठहत्तर लाख लगभग) की वृद्धि की है, जिससे जिले के किसानों को अधिक ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ऋण एवं अग्रिमों के मामले में बैंक में 21.83 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। बैंक की उपलब्धियों के संबंध में अनेक सूचकांक हैं जिन्हें इस वार्षिक विवरण पत्रिका में सूक्ष्मता से देखा जा सकता है पर इस सबके बावजूद अनेक ऐसे क्षेत्र हैं जहां हमें अभी भी ठोस रूप से काम करना शेष है।" बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजेश रायकवार ने वर्ष 2024-25 का वित्तीय पत्रक एवं वर्ष 2026-27 की विकासात्मक कार्ययोजना प्रस्तुत की जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। श्री राजेश रायकवार ने वर्ष 2025-26 के लिए 155 करोड़ का बजट प्रस्तावित करते हुए बताया कि बैंक ने अपनी कार्यशील पूंजी 1812 करोड़ कर ली है। बैंक ने वर्ष 2025-26 हेतु अंश पूंजी, ऋण वितरण, अमानत वृद्धि, नए कृषको को सदस्यता सहित कृषि संबद्ध गतिविधियों में ऋण वितरण का आकर्षक लक्ष्य रखा है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश स्तर पर बैंक प्रगति में छटवे एवं संभाग स्तर पर अव्वल स्थान पर कार्य कर रहा है।

## चौरई में दिव्यांगजनों का सफलतापूर्वक चिन्हांकन संपन्न



**चौरई** : जिला छिंदवाड़ा के विकासखंड चौरई में दिव्यांग जनों के चिन्हांकन का कार्य सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न किया गया। इस कार्य में लिम्का जबलपुर की टीम के श्री सौरभ मिश्रा तथा जिले के आईडी प्रभारी श्री गजेंद्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में विशेष चिकित्सकीय दल द्वारा विकासखंड चौरई के समस्त दिव्यांग जनों का विधिवत चिकित्सकीय परीक्षण कर चिन्हांकन किया गया।इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं चिकित्सकों ने दिव्यांग जनों की सुविधा और हित को ध्यान में रखते हुए पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण की। इस चिन्हांकन से भविष्य में दिव्यांग जनों को शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ शीघ्र एवं सुगमता से प्राप्त होगा।विकासखंड चौरई प्रशासन ने इस कार्य में सहयोग प्रदान करने वाले समस्त अधिकारियों, चिकित्सकों, कर्मचारियों तथा उपस्थित दिव्यांग जनों एवं उनके परिजनों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### नपाध्यक्ष ने सदस्यों संग की अगुवाई, लोगों से की अपील

# जुन्नारदेव में स्वच्छता पखवाड़े के तहत चलाया गया सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर में स्वच्छता पखवाड़े के तहत सफाई अभियान चलाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ने समस्त पालिका सदस्यों के साथ वार्ड नंबर 1 के मोक्ष धाम में इस अभियान की अगुवाई की। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से आयोजित 'स्वच्छता पखवाड़ा' का हिस्सा है। में 17 सितंबर से इसकी शुरुआत की गई। अध्यक्ष रमेश सालोडे ने बताया कि स्वच्छता अभियान जुन्नारदेव नगर के वार्ड नंबर एक मुख्य धाम एवं बाजार क्षेत्र में प्रारंभ हुआ। उन्होंने सभी नगर वासियों से नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग की अपील की। इस दौरान पालिका अध्यक्ष और सदस्यों ने स्वच्छता का संदेश देते हुए लोगों से साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की। स्वच्छता अभियान में मौके पर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन अमित यादव, लता टांडेकर, देवेंद्र टांडेकर सहित एनजीओ के सदस्य एवं नपा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मानकादेही में हुआ संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ

**छिंदवाड़ा।** श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा देवकरण सूर्यवंशी जी के निजनवास ग्राम मानकादेही छिन्दवाड़ा,में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ भी किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,अंश पटेल,कैलाश उइके,पलक उईके,अनय कसार,प्रदीप भारती,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,वंश झरवड़े,अंकित शर्मा,शिव सिकन्दरपूरे,विक्की नोथानी,प्रणय सातनकर,शिवांश चौधरी,दशरथ वर्मा,उमेश वंशकार,जित्तू यादव,सोनू जी,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,प्रतीक चोवितकर,राहुल बातरे,मैउयर गोशामी,दिलीप चौधरी,साहिल मालवीय,रनवीर मालवीय,प्रहलाद पटेल,राजेश बुनकर,अर्जुन ठाकुर,दीपक यादव,पप्पू वंदेवार,बलराम वंदेवार,अतुल विश्वकर्मा,आदेश मिश्रा,दुर्गेश चंदेल,राहुल निर्मलकर,दिवाकर मालवीय,राम शुक्ला,अभिषेक ठाकुर,हर्षित पटेल,शिवा पटेल,शेंकी पटेल,नयन पटेल जी,चंचलेश मालवीय,गौरव-सौरव मर्सकोले मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने एसटी छात्रावास में पढ़ाया और छात्रों संग भोजन किया



**पांढुर्ना।** कलेक्टर अजय देव शर्मा ने नगर में अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर महोदय ने छात्रावास में निवासरत छात्रों को पढाया और उनके साथ भोजन भी किया। सुबह 8.15 बजे छात्रावास में अचानक पहुंचे कलेक्टर महोदय ने छात्रों से नाश्ता, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, व्यवस्थ तथा शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर महोदय ने छात्रों को विज्ञान विषय का अध्ययन कैसे करें ? इस बारे में सरल भाषा में समझाया जिससे बच्चों की रूची और समय में वृद्धि हो सके। कलेक्टर महोदय ने छात्रावास के किचन का अवलोकन कर भोजन के गुणवत्ता को परखा। इन्होंने रसोई की स्वच्छता एवं भोजन की पौष्टिकता को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर महोदय ने अधिकारियों को छात्रावास के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एसडीएम, तहसीलदार तथा ना. तहसीलदार को निरीक्षण हेतु आवंटित किए गए छात्रावासों का निरीक्षण प्रतिवेदन सप्ताह में प्रस्तुत किए जाने हेतु आदेशित किया।

# पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता व्याख्यान माला का किया आयोजन

**जुन्नारदेव।** नगर के शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत गुरुवार 18 सितंबर को पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता के लिए व्याख्यान माला का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एके टांडेकर के मार्गदर्शन में किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान जन भागीदारी समिति के सदस्य राहुल निरापुरे एवं अनिल पाटिल द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में आम, जाम, करंजी, नीम,



कनेर सहित अन्य पौधों का रोपण किया गया। पर्यावरण जागरूकता के लिए व्याख्यान माला के अंतर्गत डॉ संगीता वाशिंगटन ने प्रकृति के लिए पौधारोपण की आवश्यकता और वर्तमान में पर्यावरण को संरक्षित रखने की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्राचार्य श्री टांडेकर द्वारा वन एवं पर्यावरण को संरक्षित रखने की बात कही गई। प्रो आरडी वाडिवा द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा रोपित कर उसे पेड़ बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर आर के चंदेल, एनएसएस महिला इकाई अधिकारी डॉक्टर रश्मि नागवंशी, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मोहम्मद आबिद, एनएसएस अधिकारी डॉ राहुल भारती, प्रोफेसर प्रवीण बोबडे, मक्खन खमरिया, प्रणय रावत सहित महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में एनएसएस एनसीसी के कैडेट उपस्थित रहे।

# दुर्गा उत्सव, कलेक्टर ने दिए सड़क सुरक्षा निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कलेक्टर अजय देव शर्मा ने आगामी दुर्गा उत्सव को देखते हुए सडक सुरक्षा समिति की बैठक आहुत कर जरूरी निर्देश जारी किए। बैठक में कलेक्टर महोदय ने दुर्गा पंडालों के आस पास स्टॉपेज, बेरिकेड्स, सीसीटीवी, कैमेरा आदि लगाए जाने को कहा। सिल्लेवानी घाटी में वंजारी माता मंदिर सडक पर भी आवश्य सुरक्षा उपाय किए जाने निर्देशित किया। मोही घाटि में एनएच द्वारा लांग टर्म मेजर्स के अनुसार सुधारने के निर्देश जारी किए।

दुर्घटनाओं को कम किए जाने के उद्देश्य से रोड विजिबिलिटी बढाने हेतु मोडों पर साईन बोर्ड लगाने और सडक किनारे के पेडों में ट्र प्लेट्स लगाने को कहा। पांढुर्ना अमरावती सडक की मरम्मत कराए जाने के निर्देश दिए। इस बैठक में एसपी सुंदर सिंह कनेश, अपर कलेक्टर, यातायात परिवहन अधिकारी, एसउीएम सौंसर, यातायात प्रभारी आकांक्षा सहारे, लोनिवी एसडीओ शुभांशु चौरसि एवं अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



**जुन्नारदेव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन बुधवार को शहर के पुराने बस स्टैंड स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर नगर मंडल जुन्नारदेव के तत्वधान में भव्य रूप से मनाया गया। नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण कर इस दूसरे को प्रधानमंत्री के जन्मदिवस की बधाई दी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, महामंत्री अनूरुध चटर्जी, शिवकुमार राय अपील समिति सदस्य पार्षद संजय,शंकर सेन,विष्णु शर्मा, राजेश श्रीवास्तव, मोनू जैन,मंडल मंत्री शशि नामदेव,महेंद्र सूर्यवंशी,राजेंद्र यादव,देवेंद्र टांडेकर,रोहित मिश्रा, आदित्य उपाध्यक्ष, राजेंद्र रजक,भूपेंद्र साहू, मुकेश उईके,बंटी अरोरा,भूषण अरोरा, जितेंद्र माहोरे, पार्षद संजय जैन,राजेंद्र सूर्यवंशी,अमित यादव,शरद कुरोलिया,विशेष चौरसिया, नितिन स्वामनानी,मितेश जायसवाल, जितेंद्र सूर्यवंशी, शमीर खान, शहरीन खान, अकरम खान,सहित भाजपा नेता,बूथ अध्यक्ष, कार्यकर्ता ओर जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अर्जुनी में मनाई गई वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा की जयंती

**कटंगी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री विश्वकर्मा आदर्श लोहार विकास मंच कटंगी के द्वारा भगवान विश्वकर्मा की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई. इस अवसर पर ग्राम अर्जुनी में विकासखंड स्तरीय विश्वकर्मा पूजन दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ. जहां समाज के हितों, परम्पराओं और मौजूदा परिस्थितियों को लेकर समाज के प्रबुद्धजनों ने मंच से अपने विचार रखें. कार्यक्रम के जरिए समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया गया. बता दें कि भगवान विश्वकर्मा को शिल्पकार, वास्तुकार और इंजीनियर माना जाता है. लोहार समाज जो लोहे से जुड़ा कामकाज करता है वह भगवान विश्वकर्मा को अपना आराध्य मानकर उनकी पूजा करता है ताकि उनके काम में समृद्धि, सुरक्षा और सफलता बनी रहे. विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम की शुरूआत भी भगवान विश्वकर्मा के पूजन के साथ हुई।

## उकवा में मनाई गई शहिद शंकर शाह व पुत्र रघुनाथ शाह की 168 वी जयंती



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** अमर शहीद महाराजा शंकर शाह मडावी एवं रघुनाथ शाह मडावी का 168 वां बलिदान दिवस बड़े ही उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया सर्वप्रथम हर साल की तरह इस वर्ष भी जय बड़ा देव एकता समिति उकवा के तत्वाधान में 18 सितंबर 2025 को आयोजन की शुरुआत 09 बजे जगन टोला मे स्थित शहीद महाराजा शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह मडावी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर गोगो परंपरा से पूजा अर्चना की गई उसके पश्चात डॉ भीमराव अंबेडकर एवं वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा में माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई । उसके पश्चात वाहन रैली जगन टोला से 11बजे बिरसा मुंडा चौक रेंज ऑफिस पहुंची जहां पर शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई रेंजऑफिस चौक से डीजे एंव बाजे गाजे की धुन पर पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा मे गोंडी नृत्य की शानदार प्रस्तुति देते हुए झांकियां एवं रैली अस्त्र-शास्त्र के साथ उकवा नगर का भ्रमण करते हुए जय बड़ा देव एवं सूर्या मैदान पहुंची जहां पर मंचीय कार्यक्रम में दिग्गज वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में आदिवासी समाज से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारीयो से संबोधित किया वक्ताओ ने अपने संबोधन मे बताया कि जल जमीन और जंगल हमारा अस्तित्व हमारी पहचान है जिसकी लड़ाई लड़ते हुए हमारे पूर्वजो ने अपना बलिदान दे दिया उनकी शहादत को हम बेकार नहीं जाने देंगे जिस लड़ाई को लड़ते हुए हमारे पूर्वज शहीद हो गए उस लड़ाई को हमें जारी रखना है हमारी भाषा हमारी वेशभूषा हमारी पहचान है और हम इसे मिटने नहीं देंगे वक्ताओं के भाषण के साथ-साथ आदिवासी परंपरा को जीवित रखने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से गोंडी नृत्यो की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तिरू. राजकुमार रोत सांसद राजस्थान तिरु. डॉ जितेंद्र मीना तिरू. भंवरलाल परमार राष्ट्रीय चिंतनकार राजस्थान विशिष्ट अतिथि श्री संजय उएके विधायक बैहर मधु भगत विधायक परसवाड़ा अनुभा मुंजारे विधायक बालाघाट सम्राट सरस्वार जिला पंचायत अध्यक्ष बालाघाट दरबु सिंह उईके पूर्व विधायक परसवाड़ा भगत सिंह नेताम पूर्व विधायक बैहर एवं विशिष्ट अतिथि भुवन सिंह कोर्राम हिरासन उईके दिनेश धुर्वे संबल सिंह धुर्वे दलसिंह पंद्रे मंसाराम मरावी एवं सुशीला सरोते की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ । आयोजन में दूर-दूर से आए आदिवासी समाज के लोगों के लिए विशाल निः शुल्क नेत्र शिविर एंव स्वस्थ शिविर का आयोजन किया गया साथ ही भोजन व्यवस्था रखी गई थी जिसका लुप्त सभी कार्यक्रम में आए महानुभवो ने जमकर उठाया ।

### नगरपालिका द्वारा 2 अक्टूबर तक चलाया जायेगा अभियान

# स्वच्छता श्रमदान कर स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूम्बर 2025 तक आयोजित सेवा पखवाड़ा का प्रारंभ बुधवार को श्रमदान के माध्यम से किया गया। स्वच्छता ही सेवा 2025 स्वच्छ उत्सव थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिदिन स्वच्छता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जानी है।

शासन द्वारा निर्देशों के अनुक्रम में स्वच्छता ही सेवा अभियान का गरिमामय रूप से शुभारंभ बुधवार को पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल की उपस्थिति में नगरपालिका अध्यक्ष सरिता दांदरे, समस्त पार्षदगण, नगरपालिका कर्मचारियों एवं अन्य जनप्रतिनिधिगणों की गरिमामयी उपस्थिति में श्रमदान से किया गया।

अभियान के विषय में मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान का संचालन स्वच्छोत्सव थीम पर किये जाने वृहद दिशा निर्देश जारी किये गए हैं। इसी अनुपालन में निकाय स्तर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूम्बर 2025 तक प्रतिदिन की जाने वाली गतिविधियों का कलेण्डर तैयार किया गया है। जिसमें 17 सितम्बर को स्वच्छता श्रमदान से अभियान का शुभारंभ, वृक्षारोपण, अंगीकार अभियान अंतर्गत पी एम आवास दिवस, स्वच्छता लक्षित इकाईयों का चिन्हांकन, रूपांतरण उत्सव, वार्ड मोहल्लों में स्त्रोत पर कचरा पृथक्कीकरण व संवहनीय स्वच्छता पर चर्चा, सफाई मित्र एवं उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़े जाने सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध जागरूकता, चालानी कार्यवाही, स्वच्छता श्रमदान, एक दिन एक घण्टा एक साथ, पी एम स्वनिधि का लाभ, साईकिल रैली, सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालय की सफाई, तालाबों/घाटों की साफ सफाई, रक्तदान शिविर जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित करते हुए 02 अक्टूम्बर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में आयोजित कर स्वच्छता सफाई मित्रों, स्वच्छता चैंपियंस का सम्मान, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, बेहतर प्रदर्शन करने वाले सहयोगी संस्था का सम्मान किया जाना है।

श्री उके ने बताया कि इसी क्रम में बुधवार 17 सितम्बर को निकाय क्षेत्रांतर्गत रेल्वे स्टेशन परिसर, गांधी चौक, कार्यालय परिसर एवं वार्ड क्रमांक 11 में स्वच्छता श्रमदान कर अभियान का शुभारंभ गरिमामय रूप से करते हुए वार्ड क्रमांक 11 में वृक्षारोपण किया गया।

स्वच्छता श्रमदान के उपरांत उपस्थित जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक संगठनों, छात्र/छात्राओं एवं गणमान्य नागरिकगण, नगरपालिका के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को स्वच्छता एवं नशामुक्ति की शपथ मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके द्वारा दिलाई गई।

### लांजी क्षेत्र में मां जगत जननी मां भवानी की पूजा-अर्चना का उत्साह

## शारदेय नवरात्र: तैयारियां अंतिम दौर में, धर्ममय हुआ वातावरण

हरिभूमि न्यूज लांजी।




क्षेत्र में शारदेय नवरात्र का पवित्र पर्व 22 सितंबर से शुरू होने जा रहा है, जो 2 अक्टूबर को विजया दशमी के साथ संपन्न होगा। इस दौरान लांजी क्षेत्र में मां जगत जननी भवानी की पूजा-अर्चना का उत्साह चरम पर होगा। मां दुर्गा के भक्तों में नवरात्र को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है, और क्षेत्र के प्रसिद्ध देवी मंदिरों, घरों, और सार्वजनिक दुर्गा पंडालों में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। लांजी क्षेत्र के प्रमुख देवी मंदिरों में साफ.-सफाई, रंग-रोगन, और आकर्षक सजावट का कार्य तेजी से चल रहा है। मां लंजकाई मंदिर, मां गायत्री मंदिर, मां काली मंदिर, मां शीतला मंदिर, त्रिशक्ति दुर्गा मंदिर, दुर्गा मंदिर निमटोला, दुर्गा मंदिर बिसोनी, मां पांढरीपाठ धाम वारी, भाडरासुर, माताघाट, कांद्रीघाट सहित सभी ग्रामीण माता मंदिरों को भव्य रूप दिया जा रहा है। नवरात्र के नौ दिनों तक भक्तों द्वारा मां भवानी की उपासना के लिए ज्योति कलशों की स्थापना की जाएगी। इन मंदिरों में भारी संख्या में भक्त ज्योति कलश स्थापित कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए मां दुर्गा से प्रार्थना करेंगे। नौ दिनों तक जस, भजन, कीर्तन, और आरती के साथ माता रानी का जागरण जैसे भक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भक्तों द्वारा मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा.अर्चना की जाएगी, जिसमें मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, और सिद्धिदात्री की विशेष आराधना शामिल है। विजया दशमी के दिन मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा, और भक्तगण भक्ति और उत्साह के साथ इस पर्व को विदाई देंगे। इस दिन भक्त मां दुर्गा से सुख, समृद्धि, और शांति की कामना करेंगे।

### कलेक्टर ने विधायक के साथ कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

# 24 सितंबर को कटंगी आएंगे सीएम डॉ. मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव आगामी 24 सितंबर को कटंगी आ रहे है. वह कटंगी में होने वाले राज्य स्तरीय धान बोनस वितरण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे. इसके अलावा विधायक गौरव सिंह पारधी के प्रयासों से राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत 185 करोड़ रुपए के कार्यों का भी भूमिपूजन करेगें. मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल में व्यवस्थाओं, रूट प्लानिंग का जायजा लेने के लिए बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा गुरुवार को कटंगी पहुंचे. उन्होंने कार्यक्रम प्रस्तावित स्थल कृषि उपज मंडी और शासकीय कॉलेज मैदान के हेलीपैड का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्यक्रम की रूपरेखा, बालाघाट जिले की उपलब्धियों की प्रदर्शनी, यातायात, रूट प्लान, बस पार्किंग, बैठक व्यवस्था, कानून व्यवस्था, स्टेज निर्माण, फायर ब्रिगेड और बैरिकेडिंग आदि की तैयारियों की विस्तृत जानकारी लेकर अधिकारियों को निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये है. कलेक्टर ने खासतौर पर लोक निर्माण विभाग और नगर परिषद के अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य पूरा करने के लिए कहा है. कटंगी में होने वाले इस कार्यक्रम में जबलपुर संभाग के जबलपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी जिले के करीब 25 हजार लोगों के शामिल होने का अनुमान है।

विधायक गौरव सिंह पारधी ने कॉलेज में बने हेलीपैड में बाधा रहित होने का अनुमान लगाते हुए नट्टी टोला के मिनी स्टेडियम में अतिरिक्त हेलीपेड बनवाने का सुझाव कलेक्टर को दिया. जिसके बाद कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारी से हेलीपैड के मानक के बारे में पूछा तो अधिकारी ने बताया कि हेलीकॉप्टर को इसी हेलीपेड में लैंडिंग और टेक ऑफ किया जाता रहा है यह हेलीपैड के तय मानकों पर पूरी तरह से खरा नहीं उतरता है. जिसके बाद कलेक्टर ने मिनी स्टेडियम में भी अतिरिक्त हेलीपेड बनाने की तैयारी करने के निर्देश दिए है. कलेक्टर के साथ जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, एसडीएम के.सी. ठाकुर, उप संचालक कृषि फूल सिंह मालवीय, लोक निर्माण विभाग यंत्री बी.एस. अड़मे, जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल, जिला आपूर्ति अधिकारी आर.एस. ठाकुर और अन्य अधिकारी उपस्थित थे. कार्यक्रम स्थल और हेलीपैड का निरीक्षण करने के बाद कलेक्टर और विधायक ने विश्राम गृह में सीएम के कार्यक्रम की पृथक से चर्चा की।

मुख्यमंत्री के हाथों बनेरा से कोड़मी, नंदोरा से टेकाड़ी, टेकाड़ी से खैरलांजी, महकेपार से बाजार चौक, महदुली से पौनिया, सादाबोड़ी से बोनकट्टा, चौखण्डी से धनकोषा, वरूड़ से सिरपुर, वरूड़ से टेकाड़ी, मोहगांव से सुकड़ीघाट, आंजनबिहरी-रामजीटोला-जामुनटोला- चाकाहेटी-जामरापानी, चोरपिण्डकेपार से टूईयापार, बोपली से कोसमी, मंगलेगांव से टटकसा, बिछुआ-हिरापुर से चांदाडोह, परसवाड़ाघाट-सावरगांव-हथोड़ा मार्ग के निर्माण कार्य का भूमिपूजन होगा. इसके अलावा उमरी-सावंगी-अर्जुनी बाहकल मार्ग (मजबूतीकरण), कटंगी से लालबर्रा मार्ग और सिवनहेटी पहुंच पुलिस का भी भूमिपूजन सीएम के हस्ते होगा।

# वन विभाग के अधिकारियों की सक्रियता के चलते वन प्राणी के शिकारी पहुंचे जेल

**छपारा**-वन मंडल अधिकारी एम एस उईके उत्तर सिवनी सा वन मंडल के मार्गदर्शन एवं शरद सिंह परीक्षेत अधिकारी छपारा के नेतृत्व में सहायक परीक्षेत अधिकारी बकोडा सिवनी सहायक परिक्षेत्र अधिकारी छपारा सहायक परिक्षेत्र अधिकारी चमारी सहित वन रक्षकों के साथ योजनाबद्ध तरीके से ग्राम बारी में वन प्राणी जंगली सूअर के शिकार की सूचना मुखबीर से प्राप्त होते ही तत्परता से वन परीक्षेत छपारा के सहायक परिक्षेत्र बकोडा सिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत बीजा देवरी के बारी ग्राम के राजस्व विभाग के जंगल में वन प्राणी का करंट लगाकर शिकार करने वाले उक्त लोगों को वन विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया जिसमें संतलाल पिता मंगलसी यादव ग्राम वारी पतुराम पिता गोकल यादव वारी छोटेलाल पिता बदामी विश्वकर्मा गाडरवारा हरिप्रसाद पिता अमर लाल यादव गाडरवारा कल्लू पिता अंतू बरकडे ग्राम बारी दुर्गेश पिता चिन्ना मेहरा ग्राम बारी अशोक पिता पेसू भलावी ग्राम वारी सूरज पिता भंगी यादव ग्राम बारी भूरा पिता केवल विश्वकर्मा ग्राम बारी रामचरण पिता झम्मू बरकडे ग्राम बारी अपराध घटित करा जिन्हें वन प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2,.9, 39, 51 ,52, के तहत प्रकरण 90 ,491 , 23 108



दिनांक 07 /09/025 जारी कर चार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया 6 फरार आरोपीयो को 16-09-025 को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया है कुछ आरोपी फरार बताया जा रहे हैं जिनकी तलाश और विवेचना जारी है। घटना की जानकारी वन विभाग को प्राप्त होती है वन विभाग का सूचना तंत्र मजबूत है जिससे वन प्राणियों का शिकार की घटना कम हुई है। वन प्राणियों के शिकार की घटना ना हो

### जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करना होगा

वन विभाग के उच्च अधिकारियों से उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्यवाही करनी चाहिए जिससे एक दो वन प्राणी शिकार की घटना भी ना घटित हो वन विभाग के कामकाज की नियमित निगरानी और ऑडिट करना चाहिए ताकि लापरवाही का पता लगाया जा सके जिसमें वन प्राणियों के संरक्षण के महत्व और तरीकों पर जोर दिया जाए जिससे भी वन प्राणी के शिकार की घटना पूरी तरह रोक जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगजनों के कृत्रिम अंग सहायक उपकरण हेतु चिन्हाकंन शिविर 27 एवं 28 सितम्बर को

**सिवनी।** प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि ₹सेवा पखवाडा अभियान₹ अन्तर्गत जिला स्तर पर दिव्यांगजनों के कृत्रिम अंग सहायक उपकरण हेतु चिन्हाकंन शिविर आयोजन दिनांक 27 एवं 28 सितम्बर 2025 को स्थान जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सिवनी में प्रातः 11.00 बजे से 05.00 बजे तक आयोजित किया गया है। सहायक उपकरण/ कृत्रिम अंग प्रदाय योजना प्राप्त करने हेतु परीक्षण के समय दिव्यांगजन को निम्नानुसार दस्तावेज लाना अनिवार्य है- यू.डी.आई.डी. कार्ड (अनिवार्य रूप) 40 प्रतिशत या अधिक सहायक उपकरण हेतु एवं मोटराईज्ड ट्रायसाईकिल हेतु-80 प्रतिशत या अधिक, दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र अथवा बी.पी.एल. राशन कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, समग्र आई.डी., आधार की छायाप्रति, पासपोर्ट फोटो (दिव्यांगता दर्शाते हुए)

ऐसे दिव्यांगजन जिन्होंने सामान प्रयोजन के लिए पिछले 05 वर्षों के दौरान किसी भी स्त्रोत से सहायक उपकरण/कृत्रिम अंग प्राप्त नहीं किये हो, वह दिव्यांगजन सहायक उपकरण/ कृत्रिम अंग प्रदाय योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

### अब जाग उठे हैं सब नर नारी, शिक्षित होने की सबकी है तैयारी

शिक्षा के क्षेत्र में भारत सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण पंचवर्षीय उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम 2022 से 2027 चल रहा है जिसके अंतर्गत देश के ऐसे महिला पुरुष जो किसी कारणवश अपने विद्यार्थी जीवन में मूलभूत साक्षरता प्राप्त नहीं कर पाए इनको साक्षर करने का कार्य नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड लखनादौन में 20 सितंबर 2025 को नवसाक्षरों की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा जिसमें विकासखंड के 320 परीक्षा केदो में 3791 नव साक्षर परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा का समय सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगा जिसमें परीक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार परीक्षा हेतु उपस्थित हो सकते हैं नवसाअक्षरों को परीक्षा केंद्र तक लाने की जवाबदारी संबंधित नोडल अधिकारी प्रधान पाठक शिक्षक अक्षर साथी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता की होगी

### कुलदीप शर्मा हुए सम्मानित

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस विलगुंवा स्थित वंशिका शुगर मिल में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें गन्ना विशेषज्ञों द्वारा गन्ना फसल का उत्पादन बढ़ाने की दिशा में आवश्यक तौर तरीके बोवनी से लेकर कटाई और समय-समय पर गुढाई की विधि बताई। मिल में उपस्थित संचालक पूर्व विधायक संजय शर्मा के द्वारा कृषकों की तकलीफों को दूर करने उन्हें हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया गया इस मौके पर अधिक गन्ना उत्पादन करने वाले किसानों को भी सम्मानित किया गया जिसमें बंधी निवासी कुलदीप शर्मा को सर्वाधिक गन्ना उत्पादन कृषक के रुप में सम्मानित किया गया।

### भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती मनाई गई

**तेंदूखेड़ा।** श्रृष्टि के रचनाकार भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती महोत्सव नगर में धूमधाम से मनाया गया।इस मौके पर नगर के सभी विश्वकर्मा मंदिरों में सुबह से ही पूजन अर्चन किया गया। टाल मुहल्ला स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में समाज के सभी विश्वकर्मा समाज के श्रद्धालुओं द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। तथा पाल मुहल्ला स्थित अगरैया फाऊंड्री मंदिर परिसर में पूजन हवन किया गया। रात्रि के समय पूजन भजन कीर्तन सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के सभी वर्गों के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### व्यक्ति ने खाया जहर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी व्यक्ति द्वारा जहर का सेवन कर लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उमेश ठाकुर पिता मूलचंद उम्र 32 वर्ष निवासी रीछा थाना ठेमी द्वारा अपने घर पर अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

# टूट-फूटी नहरों की त्वरित मरम्मत एवं साफ-सफाई कार्यवाही सुनिश्चित करें

### जल उपभोक्ता समिति की बैठक सम्पन्न

### नहरों से अनाधिकृत रूप से पम्प से पानी लेने एवं नहरों की तोड़-फोड़ करने वाले व्यक्तियों पर होगी कार्यवाही

**सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, विधायक सिवनी श्री दिनेश राय एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डहेरिया की अध्यक्षता में जिला जल उपभोक्ता समिति बैठक का गुरूवार 18 सितम्बर 25 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व विधायक श्री राकेश पाल, मुख्य कार्यपालन अभियंता श्री अशोक डहेरिया, उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग सिवनी श्री सुधीर कुमार धुर्वे सहित जल संसाधान विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जल उपयोगिता समिति के सदस्यों तथा कृषक प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में रबी फसल 2025-26 की लक्ष्यानुसार सिंचाई तथा किसानों को सुगम रूप से सिंचाई हेतु जल की प्राप्ति की कार्ययोजना पर चर्चा कर विभिन्न निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वप्रथम कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग, तिलवारा बांय तट नहर संभाग केवलारी तथा कार्य पालन यंत्री पेंच व्यपवर्तन परियोजना द्वारा उनके संभाग अंतर्गत जिले में संचालित सिंचाई परियोजनाओं से प्रस्तावित सिंचाई लक्ष्य के बारे में अवगत कराने के साथ ही मध्यम एवं लघु सिंचाई परियोजनाओं में शामिल तालाबों के जल भराव की स्थिति से अवगत कराया गया। बैठक में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन द्वारा जल संसाधन विभाग के संबंधित अधिकारियों को अंतिम छोर के किसान तक नहरों से उनकी मांगानुरूप पानी पहुंचाने के लिए सभी छोटी बड़ी नहरों का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य एवं साफ-सफाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कलेक्टर सुश्री जैन ने नहरों की मरम्मत कार्य, साफ-सफाई एवं पानी छोड़े जाने की तिथियां की जानकारी से संबंधित क्षेत्रों के कृषकों को पूर्व से अवगत कराने के निर्देश दिए। बैठक में विधायक सिवनी श्री दिनेश राय एवं पूर्व विधायक केवलारी श्री राकेश पाल द्वारा भी उपस्थित जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को आखरी छोर के किसान तक मांग अनुरूप पानी पहुंचाने के लिए नहरों की मरम्मत कार्य एवं साफ-सफाई कार्यवाही सुनिश्चित करने की बात कही गई। इसी तरह क्षेत्रवार जल उपभोक्ता समितियों के प्रतिनिधयों एवं कृषकों द्वारा भी नहरवार सीपेज, ओवर फ्लो, टूटफूट जैसी समस्याओं से अवगत कराया गया, जिस पर कलेक्टर सुश्री जैन ने संबंधित अधिकारियों को ऐसी नहरों का निरीक्षण कर त्वरित मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। बैठक में प्रशासन द्वारा कृषक प्रतिनिधियों से रबी मौसम में कम पानी की आवश्यकता वाली फसलों जैसे चना सहित अन्य फसलों की बोआई के लिए प्रोत्साहित किया गया, ताकि आगामी समय में भी फसल सिंचाई हेतु पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। कृषकों से मक्का के स्थान पर कम पानी वाली चना, मसूर, सरसों की फसल लेने की अपील की गई। कलेक्टर सुश्री जैन ने अनाधिकृत रूप से पम्प से पानी लेने वाले एवं नहरों की तोड़-फोड़ करने वाले व्यक्तियों पर एफआईआर करने के निर्देश जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को दिये।

# डीएलसीसी की बैठक सम्पन्न

**सिवनी।** गुरूवार 18 सितम्बर को कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयाजित हुई। बैठक में एलडीओ आरबीआई श्री धीरज गुप्ता सहित अन्य अन्य स्वरोजगार मूलक विभागों के अधिकारी तथा विभिन्न बैंकों के बैंक समन्वयक की उपस्थिति रही।

बैठक में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 की जून 2025 प्रथम तिमाही में जिले में बैंकिंग विकास की समीक्षा की गई। उन्होंने स्वसहायता समूहों को प्रदाय किए जाने वाले क्रेडिट लिंकेज (सीसीएल) की प्रगति की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसी तरह मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, पीएम स्वनिधि, मत्स्य पालन ऋण एवं मत्स्य केसीसी प्रकरणों की समीक्षा, पीएमएफएमई योजना, डेयरी केसीसी प्रकरण, बिरसामुण्डा रोजगार योजना सहित अन्य स्वरोजगारमुखी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभागवार, योजनावार बैंकों को प्रेषित किए गए प्रकरणों, बैंकों से स्वीकृति तथा वितरण की स्थिति का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं बैंकर्स को दिए। उन्होंने कृषि, महिला स्व-सहायता समूह, केसीसी, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन सहित शासन की प्राथमिकता वाली योजना में अधिकतम ऋण स्वीकृत करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर सुश्री जैन ने अधिकारियों को शासन की स्वरोजगारमुखी योजनाओं में प्राप्त लक्ष्य के विरूध्द अधिक से अधिक प्रकरण बैंकों को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं बैंकर्स को शासन की मंशानुसार सभी पात्र हितग्राहियों को त्वरित ऋण वितरित कर लाभांवित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सुश्री जैन ने मध्यप्रदेश विद्युत विभाग अंतर्गत संचालित पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर विद्युत उपभोगक्ताओं को इसका लाभ दिलाने के निर्देश बिजली विभाग एवं बैंकर्स को दिए। इसी तरह कलेक्टर सुश्री जैन ने बैंकवार लंबित एवं नॉन अटेंडेंट सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की भी समीक्षा कर संबंधित बैंक अधिकारियों को त्वरित शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए निराकृत करने के निर्देश दिए।

### ईको क्लब द्वारा किया गया वृक्षारोपण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय हाई स्कूल खापा शेढ में ईको क्लब द्वारा विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वृक्षों को सुरक्षित रखने के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य एस.के. बक्शी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसी अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।उपस्थित शिक्षकगण और छात्रों ने विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ और हरित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण कुबेर सिंह पटेल, भूपेंद्र सिंह पटेल, आशीष विश्वकर्मा, ओंकार गोस्वामी, प्रीति धुर्वे, गेंदालाल काछी, प्रशांत सिंगोतिया, ग्राम कोटवार सहित छात्र-छात्राएं अंकित धुर्वे, मोहन धुर्वे, अंजली लोधी, संगीता यादव, अंजनी यादव, रुकमणि यादव, सोनिया ठाकुर एवं अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### हिन्दी दिवस पर व्याख्यानमाला आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस एम. आई. एम. टी. कॉलेज में हिन्दी पखवाड़ा अंतर्गत हिन्दी दिवस का आयोजन विगत दिवस 17 सितम्बर 2025 को पाठकमंच हिन्दी साहित्य अकादमी म. प्र. संस्कृति परिषद जिला नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन वरिष्ठ साहित्यकार, डॉ. सुधीर सिंघई के मुख्य आतिथ्य वरिष्ठ साहित्यकार, अशोक त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम आयोजन समिति सदस्य श्रीमती रश्मि दुबे, सुश्री दीक्षा केवट, सुश्री शीतल जाट, सुश्री कंचन तखरया, सुश्री कृतिका झारिया, हेमराज सेन, मो. आशिक अली तथा के. के. जाटव सहित समस्त विभागीय सांस्कृतिक प्रभारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। इस अवसर पर डॉ. एस. एन. राव उपप्राचार्य, श्रीमती अनीता रघुवंशी, डॉ. दीपिका शर्मा, जी. डी. उमरे सहित स्टाफ मेंबर्स व छात्र-छात्राओं की विशेष उपस्थिति रही।

### मंत्री श्री पटेल की मौजूदगी में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

# कलेक्टर, एसपी सहित 100 नागरिकों ने किया रक्तदान



### सेवा पखवाड़ा अभियान के विविध कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की विशेष मौजूदगी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोटेगांव में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह रक्तदान शिविर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान के दौरान मणिनागेन्द्र सिंह फांउडेशन के तत्वाधान में आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले और पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना सहित 100 से अधिक नागरिकों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, अन्य जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग का अमला और नागरिक मौजूद थे।

### सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ

सांसद चैधरी दर्शन सिंह के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना, रामसनेही पाठक, सुनील कोठारी, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिला धार के भैंसोला में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मित्र पार्क, शिलान्यास, स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया। उक्त कार्यक्रम को जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में सभी ने एलईडी के माध्यम से देखा व सुना। सांसद श्री सिंह ने कहा कि 17 सितम्बर को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वस्थ नारी- सशक्त परिवार, साफ- सफाई, पौधरोपण, स्वास्थ्य परीक्षण आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वस्थ नारी- सशक्त परिवार का संदेश दिया जा रहा है। नारी स्वस्थ होगी, तो परिवार भी सशक्त रहेगा। नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले, इसके लिए नागरिक को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए हैं।

### स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ ने 17 सितम्बर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर जिला अस्पताल नरसिंहपुर में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार को लक्ष्य मानकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ब्लड




प्रेशर, सुगर, यूरिन, सिकिल शेल एनिमिया और अन्य खून की जांचे की गई। इसमें डॉ.पुष्पराज पटेल हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. आर. के. चौधरी सिविल सर्जन, डॉ.वंदना स्त्री प्रसूती विशेषज्ञ एवं डॉ. अजय सोनी चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में लगभग 354 स्त्री रोगियों की जांच कर दवाइयां वितरित की गई।

### सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत हुए कार्यक्रम

अनुसूचित जाति एवं अनुसचित जनजातीय विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में सेवा पखवाडा अभियान के आयोजन संबंधी शासन के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें निबंध प्रतियोगिता, विकसित भारत थीम पर निबंध, वाद-विवाद, प्रतियोगिता छात्रावास परिसर की साफ-सफाई, छात्रावासों में एक पेड माँ के नाम के अतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम, विकसित भारत की थीम पर रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला, खेल प्रतियोगिता, वृक्षरोपण, स्वच्छता एवं श्रमदान के प्रति जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा। बच्चों को स्वच्छता के लिये शपथ भी दिलाई जायेगी। श्रमदान एवं सेवा पखवाडा अभियान के दौरान अच्छे कार्य के लिये पुरूस्कार एवं प्रशंसा पत्र का वितरण किया जायेगा।

# कबाड़ियों का बेरोकटोक धड़ल्ले से चल रहा कबाड़ का अवैध कारोबार

**गोटेगांव।** स्थानीय तहसील क्षेत्र में लाखों के कबाड़े के कारोबार पर किसी का कोई नियंत्रण नहीं है। हर दूसरे दिन कबाडी के यहां से रातों रात ट्रक भरकर कबाड़ जबलपुर, भोपाल जा रहा है। धड़ल्ले से कबाड़ का कारोबार फल-फूल रहा है। अवैध कारोबार में बड़े-बड़े कबाड़ के कारोबारीयों द्वारा छोटे छोटे नाबालिक मासूम बच्चों को झोंक रहे हैं। जिससे नौनिहालों का भविष्य चौपट हो रहा है। और उनका आगे आने वाला भविष्य को बर्बादी की ओर ढकेल रहे हैं ! आमजनों ने भी इन कबाड़खानो को बंद कराने की मांग की है। प्रशासन की अनदेखी के कारण क्षेत्र में कबाड़ व्यापारी खुलेआम कबाड़ का धड़ल्ले से व्यापार कर रहे हैं। इन दिनों कावाड़ियों का अवैध कारोबार बेखौफ चल रहा है। इस व्यवसाय को करने के लिए मानों किसी की भी अनुमति की आवश्यकता ही नहीं होती है। इसलिए क्षेत्र में ऐसे दर्जनों कबाड़ व्यवसाई हैं। जो बेरोकटोक होकर अपना कारोबार कर रहे हैं। अनैतिक गतिविधियों में शामिल कबाड़ी बताया जाता है कि कबाड़ी बिना सत्यापन के साइकिल मोटरसाइकिल, चार पहिया वाहन के साथ-साथ अन्य चोरी के सामानों को भी बेधड़क खरीद रहे हैं। कई कबाड़ी जिले में रेलवे आदि के लोहे भी खपाने का काम कर रहे हैं। इस व्यवसाय में जिले से बाहर कबाड़ बड़े आसानी से पार किया जा रहा है और इस व्यवसाय को बढ़ावा मिल रहा है। आलम यह है कि कबाड़ियों के ऊपर नकेल नहीं कस पा रहे है। साइकिल और बाइक के कलपुर्जे को अलग अलग कर कबाड़ में बेच दिया जाता है इसके अलावा इस धंधे में लोहे के कीमती सामान तांबा, पीतल, लोहा जैसे कीमती सामान कबाड़ के मोल कबाड़ी अपने दलालों के माध्यम से खरीदी कर लाखों करोड़ों कमाते हैं। छोटे-छोटे बच्चों का भी भविष्य अंधकार में इस धंधे में बच्चों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। कई मामलों में ऐसा भी देखने आया है कि कबाड़ीयों द्वारा मासूम नाबालिक बच्चों से कबाड़ का माल खरीदने का कार्य कर रहे हैं जिससे मासूमों की बचपन से ही पढ़ाई लिखाई छोड़कर कबाड़ इकट्ठा कर बीनने में लगा रहे हैं। सर्व शिक्षा अभियान के तहत सरकार बच्चों को मुफ्त शिक्षा, मध्यान्ह भोजन, ड्रेस, छात्रवृत्ति, पुस्तके सहित सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। पैसे के लालच में बच्चे कबाड़ के काम में कर देते हैं। लग आते हैं जिससे मिलने वाले पैसों से गंदी आदतों का शिकार हो रहे हैं एवं उनका भविष्य भी कबाड़ हो रहा है। यह किशोर गरीब तबके के होते हैं. पारिवारिक व सामाजिक मार्गदर्शन नहीं मिलने से वे घरों में के आसपास के फेंके गए कचरे से कबाड़ चुनते हैं। और बाद में इन बच्चों का परिवारिक नियंत्रण नहीं होने के कारण नशे की अन्य भी गिरफ्त में आ जाते हैं और धीरे- धीरे वह चोरी को भी अंजाम देना शुरू अपनी आवश्यकता पूर्ति के लिए अक्सर यह बच्चे चोरी जैसे अपराध में लिप्त हो जाते हैं। जिससे क्षेत्र में चोरी की घटनाएं भी बढ़ रही है, नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है जो अवैध तरीके से चल रहे धड़ल्ले से बेरोक -टोक यह कबाड़ के कारोबार पर ठोस कार्यवाही के साथ-साथ क्षेत्र में बढ़ रही लगातार चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है

# स्वास्थ सिस्टम पूरा फैल सभी तरफ कमीशन का खेल

### बिना पंजीयन के धड़ल्ले से चल रहे हैं अवैध पैथोलॉजी सेंटर

**नरसिंहपुर। जिले में नियमों को ताक पर रखकर सैकड़ों पैथोलॉजी सेंटर चल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से ऐसे अपंजीकृत केंद्र बेखौफ होकर धड़ल्ले से जांच कर रहें हैं। इसे लेकर जिले का स्वास्थ महकमा और ना ही जिला प्रशासन गंभीर है। क्योंकि पिछले कई वर्षों से अवैध रूप से संचालित ऐसे पैथलॉजी लैबो के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई और ना ही यहां की लैबों की जांच की जाती है।**

बिना पैथोलॉजिस्ट व बिना प्रशिक्षित टेक्नीशियन के चल रहे पैथोलॉजी लैब अवैध रूप से संचालित पैथलॉजी लैब का पंजीयन तो दूर बिना चिकित्सक व बिना प्रशिक्षित टेक्नीशियन के ही चलाए जा रहें हैं जांच केंद्र, ऐसे में यहां की जाने वाली जांच रिपोर्ट के बारे में अंदाजा लगाया जा सकता है। तथा उससे भी बड़ी बात ये है उसी जांच रिपोर्ट पर डॉक्टरों द्वारा दवा दी जाती है। इस तरह खुले तौर पर मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे। पैथोलॉजी लैब चलाने के लिए एमडी इन पैथोलॉजी चिकित्सक होना चाहिए। यदि नहीं है तो कम से कम एमबीबीएस चिकित्सक होना अनिवार्य है। बिना चिकित्सक के जितने भी लैब चलाए जा रहे हैं, सभी अवैध हैं। साथ ही लैब खोलने से पूर्व पंजीयन कराना जरूरी है।जिले में संचालित पैथोलॉजी सेंटरो में दलाली का खेल चलता है। बिना पैथोलॉजिस्ट चिकित्सक के संचालित पैथोलॉजी दलालों के भरोसे चलता है। यहां मरीजों को लाने के लिए दलाल होते हैं। साथ ही इसमें डॉक्टरों को अच्छा कमीशन दिया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार वैसे अवैध पैथोलॉजी वाले बिना जांच के या फिर गलत जांच कर रिपोर्ट दे देते है।

### वनरक्षक मत्तम नगपुरे पर जबलपुर ईओडब्ल्यू ने की बड़ी कार्रवाई

## ईओडब्ल्यू की टीम ने 50 हजार की रिश्वत लेते वनरक्षक को दबोचा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**वन विभाग में भ्रष्टाचार कम होने का नाम नहीं ले रहा हैं। पिछले दिनो लालबर्रा परिक्षेत्र अंतर्गत बाघ के शव को जलाने का मामला ठंडा नही हुआ हैं, डिप्टी रेंजर हनोते और बीटगार्ड पर विभाग 10 हजार का ईनाम घोषित किया हुआ हैं। अभी तक उपरोक्त मामले में गिरफ्तारी नहीं हुई हैं। वहीं ताजा मामला लालबर्रा परिक्षेत्र अंतर्गत ईओडब्ल्यू की टीम ने वनरक्षक मत्तम नगपुरे को 50 हजार रूपये रिश्वत के साथ रंगेहाथो दबोच लिया हैं।**








बालाघाट में जबलपुर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (EOW) की टीम ने गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे लालबर्रा में एक वनरक्षक को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी वनरक्षक मत्तम नगपुरे, लालबर्रा वन परिक्षेत्र के नवेगांव बीट में तैनात था।

वनरक्षक ने एक विस्थापित ग्रामीण राजेन्द्र धुर्वे से 3.5 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। यह रिश्वत सोनेवानी अभयारण्य के विस्थापित परिवारों को मिलने वाली सरकारी सहायता राशि से जुड़ी थी।

दरअसल, सोनेवानी अभयारण्य के तहत तीन गांवों को विस्थापित किया जा रहा है, जिसमें नवेगांव भी शामिल है। सरकार इन विस्थापित परिवारों को प्रति यूनिट 15 लाख रुपए की सहायता राशि दे रही है। पहली किस्त के रूप में हर परिवार के खाते में 5 लाख रुपए डाले जा चुके हैं।

इसी राशि के भुगतान की जानकारी मिलते ही वनरक्षक मत्तम नगपुरे ने राजेन्द्र से कागजी कार्रवाई के नाम पर 4 रुपए लाख की मांग की, जिसके बाद सौदा 3.5 लाख रुपए में तय हुआ। परेशान होकर राजेन्द्र ने EOW में शिकायत कर दी।

शिकायत सही पाए जाने पर EOW जबलपुर की टीम ने जाल बिछाया। गुरुवार को राजेन्द्र स्टेट बैंक के पास वनरक्षक को 50 हजार नकद और 3 लाख का विड्रॉल दिखाकर रिश्वत देने पहुंचा। जैसे ही वनरक्षक ने पैसे लिए EOW की टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया।

EOW ने आरोपी वनरक्षक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 2018 के तहत केस दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### चार डॉक्टरों की टीम द्वारा देर शाम तक किया गया पोस्टमार्टम

## मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने की युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज लांजी।






16 सितम्बर की देर रात्रि ग्राम पौसेरा निवासी देवेंद्र यादव पिता चवनलाल यादव उम्र 23 वर्ष का पुलिस के मुखबिर होने के शक में मलाजखंड एरिया कमेटी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी के नक्सलियों ने लांजी थाने के चौरिया जंगल क्षेत्र में स्थित दहियान में उसके साथी अवधेश के सामने ही उसकी निर्मम हत्या कर करते हुए पर्चे छोड़े थे। नक्सलियों ने पर्चे में उल्लेख किया था कि देवेंद्र यादव पितकोना पुलिस चौकी को दूध देने के नाम पर हमारी जानकारी पुलिस को देता था इसलिए उसे मौत की सजा दी जा रही है। युवक का साथी अवधेश 17 सितंबर की सुबह अपने घर ग्राम पौसेरा लौटा और परिजनों और ग्रामीणों को डर में आकर देवेंद्र के अपहरण की जानकारी दी जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। वहीं जनचर्चा के अनुसार युवक के शव का पता 17 सितंबर को ही चल गया था परंतु सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस ने सर्च अभियान चलाने के पश्चात 18 सितंबर को युवक का शव बरामद करने में सफलता हासिल की है। हालांकि युवक की मौत के बाद ग्राम पौसेरा में मातम छाया हुआ है। तथा पुलिस ने शव बरामद करने के पश्चात सिविल अस्पताल लांजी लाया गया जहां देर शाम तक चार चिकित्सकों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया जा रहा है। इस दौरान सिविल अस्पताल में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्शकांत शुक्ला, एसडीओपी लांजी श्री ओमप्रकाश एवं पुलिस बल के साथ ग्राम के सरपंच कृष्णकुमार पांचे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। उल्लेखनीय है की जिले में बालाघाट पुलिस मिशन-2026 तक नक्सलियों के खात्मे को लेकर लगातार दबाव बनाए हुए है। जंगल में नक्सलियों से लेकर लोगों के मन में व्याप्त नक्सली विचारधारा को खत्म करने जुटी बालाघाट पुलिस, नक्सलियो के साथ उनके नेटवर्क को तोडऩे में लगी है, इसी के बीच, नक्सलियों द्वारा नक्सल प्रभावित ग्राम पौसेरा के युवक को अगवा कर मौत के घाट उतारने की इस घटना ने ग्रामीणों में पुनः दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। वहीं नक्सलियों द्वारा उक्त घटना को कारित करते हुए पुलिस प्रशासन को जंगलों और नक्सल प्रभावित ग्रामों में पुनः अपनी मौजूदगी का अहसास कराया है।

### शव के पास बैनर और पोस्टर टांगे

नक्सलियों द्वारा युवक देवेंद्र यादव की हत्या के पश्चात शव के पास लाल बैनर और पोस्टर भी लगाया गया है जिसमें लिखा गया है की बालाघाट में पुलिस भर्ती के नाम पर मुखबिरों की भर्ती कराई जा रही है जिसमें युवा पीढ़ी के भाई बहनों को पुलिस का मुखबिर बनाया जाता है। युवा पीढ़ी इसका विरोध करे, सरकार रोजगार देने के नाम पर युवा पीढ़ी का भविष्य बर्बाद करती है। सरकार के द्वारा ऐसे मुखबिरों की भर्ती कराने से साफ पता चलता है की मोहन यादव की सरकार में युवा पीढ़ी सुरक्षित नहीं है। सरकार यदि ऐसे ही मुखबिरों की भर्ती करवा रही है तो उन्हें सही में पुलिस बनाएं वर्दी दे। और युवाओं को मुखबिर बनाकर बदनाम न करें। बैनर में ग्रामीण युवाओं को चेतावनी भी दी गई है की जो भी मुखबिर बनेगा उसकी मौत की जिम्मेदारी बालाघाट जिले की शासन-प्रशासन की होगी। बैनर के अंत आईजी को भी संदेश देते हुए लिखा गया है की अब देवेंद्र को एरिया कमेटी परसवाड़ा-मलाजखंड ने अगवा कर लिया है अब वह हमारे खिलाफ नहीं जा सकता।

## हट्टा मे आयोजित हुआ स्वास्थ शिविर



हरिभूमि न्यूज हट्टा।

मध्यप्रदेश शासन के द्वारा प्रदेश मे 17 सितंबर 2025 से 02 अकटूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा अभियान संचालित किया जा रहा है इस अभियान के अंतर्गत दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाने हेतु जिला मेडिकल बोर्ड के चिकित्सक एवं डी डी आर सी के कर्मचारीयों की सेवाये लगाई जाती है इसी के तहत आज दिनाक 18/09/2025 को ग्राम हट्टा मे स्वास्थ शिविर का आयोजन सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक किया गया जिसमे जिला मेडिकल बोर्ड से डॉ एन आर रंगारे (अस्थि रोग विशेषज्ञ ) डॉ उन्नति पिछोड़े (नेत्र रोग विशेषज्ञ ) डॉ प्रशांत जैन ( मनोरोग विशेषज्ञ ) डॉ विशेष नाग ( ई एन टी विशेषज्ञ) विरेन्द्र कुमार डाहाटे (सीनियर फिजियोथेरिपिस्ट ) महेंद्र सिंह पवार ( मोबिलिटी इंस्ट्रक्टर ) हेमंत कुमार लखेरा ( जूनियर स्पीच थेरेपिस्ट ) सुश्री रश्मि सिन्हा ( सीनियर स्पीच थेरेपिस्ट आडिऑलोजिस्ट ) ने अपनी सेवाये दी। इस शिविर मे कुल 60 दिव्यागों का पंजीयन हुआ और 55 लोगों की A I बेस्ड एण्ड ओल्ड डिजिटल एक्सरे मशीन द्वारा टी बी रोग व खखार की जांच अंकुश माहुले रेडियोग्राफर जिला चिकित्सालय बालाघाट व आकांक्षा रंगारे लेब टेक्नीशियन पी एस सी हट्टा के द्वारा की गई। उक्त कार्यक्रम मे जनपद सदस्य रंजना वैद्य , सामाजिक सुरक्षा अधिकारी स्वेता वैद्य, पंचायत समन्वयक अधिकारी सुरेश श्रीवास्त्री, सरपंच उमेश सोनेकर, उपसरपंच वीरेंद्र बिसेन, सचिव राजेन्द्र पिछोड़े, सहायक सचिव मंगलेश पटले व पंचायत के पंचगण , ग्राम खोड़सिवनी सचिव लालजी दमाहे , ग्राम परसवाड़ा सचिव सेवकराम पाँचे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

### स्वदेशी वस्तुओं को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं : सांसद भारती पारधी

## सेवा पखवाड़े पर किया गया वृक्षारोपण







**डीएफओ अधर गुप्ता ने कहा कि पेड़ हमें छाया देते हैं, जलवायु के भी रक्षक है**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट द्वारा गर्रा स्थित वनस्पति उद्यान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद श्रीमती भारती पारधी, नगरपालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर, रामेश्वर बिसेन अध्यक्ष जिला लघु वनोपज संघ, सीसीएफ श्री गौरव चौधरी, डीएफओ अधर गुप्ता, श्रीमति नेहा श्रीवास्तव, डीएफओ अरिहंत कोचर, उपाध्यक्ष महेश मोहारे सहित छात्र,छात्राए, विभागीय स्टॉफ,सहित जनमानस की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन के साथ डीएफओ अधर गुप्ता जी ने कहा कि पेड़ हमें छाया ही नहीं देते बल्कि हमारी जलवायु के भी रक्षक है और वृक्षारोपण से हमें शुद्ध वायु ,मनुष्य और प्रकृति के बीच के संतुलन को प्रदर्शित कर रहा है। और इसी प्रयास के साथ सेवा पखवाड़ा में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। मुख्य अतिथि माननीय सांसद श्रीमती भारती पारधी जी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मतिथि दिवस 17 सितंबर से लेकर पूरे देश में सेवा के कार्य हो रहे हैं प्रधानमंत्री जी कहते हैं एक पेड़ मां के नाम अभियान । देश के प्रधानमंत्री प्रकृति प्रेमी है, हम सबको जोड़ने का कार्य, प्रकृति से किया है। पौधारोपण का नाम, एक पेड़ मां के नाम अभियान दिया है। हम अपनी मां से जितना प्यार करते हैं वैसे ही हम पौधे से करें,उसका संरक्षण करें। स्वच्छता अभियान के माध्यम से हम स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं हमें अपने आसपास साफ-सुथरा रखने का रखने का संकल्प लेना होगा स्वच्छता अभियान में लोग जुड़े। स्वदेशी को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। सांसद खेल महोत्सव में युवाओं को शामिल होने की अपील की।।। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारतीय ठाकुर जी ने कहा कि 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है उन्होंने इस आयोजन के लिए वन विभाग को बधाई दी और कहा कि इस पखवाड़े में विभिन्न कार्यक्रम रक्तदान शिविर, हितग्राही मूलक योजनाओं का क्रियान्वयन , सहित सेवा के कार्य किया जा रहे हैं बालाघाट में नगर वन की शुरुआत की गई, वह एक अच्छी पहल है। जिससे हमारा शहर लाभान्वित हो रहा है। हम पौधा लगाकर,उसका संरक्षण अवश्य करें। पौधारोपण एक जीवनदान के समान है। कोरोनाकाल में हमने इसके महत्व को महसूस किया है ।गांव में रहकर, हरियाली पेड़ पौधों के बीच में हम रहना चाहते थे।ऑक्सीजन की कमी को हमने पूरा किया है। अपने एक जीवन का लक्ष्य बनाएं कि हम पौधा किसी को उपहार में देकर उसके संरक्षण का संकल्प ले। इसके पश्चात स्कूली छात्राएं जनमानस के साथ अतिथियों द्वारा स्थानीय वनस्पति उद्यान में पौधारोपण करके सुरक्षा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर एसडीओ विनीता फुलवेल, रेंजर श्री हिमांशु राय,श्री छत्रपाल सिंह जादौन वारासिवनी, शिक्षिका मिश्रा सहित विभागीय स्टॉफ,उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के शिक्षक, छात्र ,छात्राएं उपस्थित थे।

### दुर्गा उत्सव समिति आमगांव में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का होगा आयोजन

**किरनापुर।** मुख्यालय स्थित नवरात्र पर्व के अवसर पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। जिसमें 24 सितम्बर दिन बुधवार को प्रातः 9 बजे श्री शिरोधार्य श्रीमद् भागवत पोथी शोभा यात्रा एवं दोपहर 2 बजे से कथावाचक पूज्य पंडित श्याम शुभम जी महाराज श्री धाम वृंदावन के द्वारा श्याम एवं 6:00 बजे तक महात्मय नारद संवाद सुकदेव जन्म। दिनांक 25 सितम्बर दिन गुरुवार को राजा परिक्षित जन्म सृष्टि निरूपण कर्दम संवाद कपिल मुनि प्राकट्य। दिनांक 26 सितम्बर दिन शुक्रवार को ध्रुव चरित्र आजामील गडभरत चरित्र। दिनांक 27 सितम्बर दिन शनिवार को प्रहलाद चरित्र, वामन चरित्र एवं कृष्ण प्राकटम (कृष्णजन्म) होगा

28 सितम्बर दिन रविवार को कृष्ण की बाल लीला वर्णन, कृष्ण चरित्र एवं कंस वध। दिनांक 29 सितम्बर दिन सोमवार को रुक्मिणी विवाह एवं दिनांक 30 सितम्बर दिन मंगलवार को सुदामा चरित्र, राजा परिक्षित मोक्ष एवं पूर्णाहूती हवन होगा। जिसमें पूज्य पंडित श्याम शुभम जी महाराज श्रीधान वृंदावन उत्तरप्रदेश द्वारा कथा वाचन किया जायेगा।

## सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट में विधिक जागरूकता शिविर का सफल आयोजन

### छात्रों को मिले कानूनी अधिकारों की महत्वपूर्ण जानकारी



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट के स्कूल ऑफ लीगल स्ट्डीज एंड रिसर्च विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के संयुक्त तत्वावधान में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और विश्वविद्यालय कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिला न्यायालय बालाघाट के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रणेश कुमार प्राण न्यायधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश शर्मा न्यायधीश अविनाश जिला विधिक सेवा अधिकारी जितेंद्र मोहन धुर्वेइस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके संवैधानिक अधिकारों, कर्तव्यों और मौलिक विधिक जानकारी से अवगत कराना था, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और समाज में कानूनी चेतना का प्रसार कर सकें।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत भाषण के साथ हुई। इसके पश्चात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के न्यायाधीश वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों ने सरल और प्रभावी भाषा में विधिक सहायता, उपभोक्ता अधिकार, साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा कानून, और मुफ्त विधिक सहायता योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर छात्रों को जानकारी दी।प्राणेश कुमार प्राण जी ने अपने उद्बोधन में विधि की आधारभूत जानकारी की आवश्यकता पर जोर देते हुए विधिक शिक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और उसके लिए विशेष प्रयास करने के लिए उपयोगी जानकारी विद्यार्थीयो को उपलब्ध कराई।संविधान और विभिन्न विधि विषयों के प्रावधानों की बारीकियां के साथ विभिन्न सामाजिक और विधिक अधिकारों के संबंध में न्यायिक निर्णय के माध्यम से विद्यार्थी का ज्ञानवर्धन किया गया।सत्र के दौरान छात्रों के बीच संवादात्मक परिचर्चा का भी आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने कानून से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किया।सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलगुरु ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ₹इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में विधिक चेतना जागृत करते हैं और उन्हें एक जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं।₹यह कार्यक्रम न केवल छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उन्हें न्यायिक व्यवस्था से जोड़ने और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति इंजी दिवाकर सिंह,प्रति कुलाधिपति वीरेश्वर सिंह कुलगुरु बिप्लब पॉल कुलसचिव स्वाति जायसवाल कार्यकारी निर्देशक डॉ मंजीत सिंह उप परीक्षा नियंत्रक सूर्यप्रताप सिंह चंद्रप्रताप सिंह ने कार्यक्रम की सराहना किए सरदार पटेल विश्वविद्यालय से सभी निर्देशक विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण एवं विधि विभाग से कमलेश बिसेन, अभिषेक सिंह सिसोदिया,राहुल मिश्रा, प्रवीण बिठले,गरिमा भैंसारे ,काजल चौरगड़े , एवं सभी छात्र छात्राएं एनसीसी एनएसएस के कैडेट्स उपस्थित रहे।

## मोहगांवघाट सहकारी समिति में वार्षिक आम सभा का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

रामपायली बांच्र के अंतर्गत आने वाली बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित मोहगांवघाट (मिरगपुर ) में 70 वीं वार्षिक आमसभा 18 सितंबर गुरुवार को संस्था कार्यालय के परिसर में आयोजन किया गया । इस दौरान वार्षिक आमसभा में समिति प्रबंधन के द्वारा वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया ।साथ ही आगामी वर्ष के लिए वार्षिक बजट पेश किया गया । इस अवसर पर आशाराम गौतम, दुर्गाप्रसाद देशमुख पूर्व अध्यक्ष, अशोक बिसेन पूर्व सरपंच मिरगपुर, दुर्गेश पारधी सरपंच मोहगांवघाट, दिलीप बिसेन सरपंच गुडरूघाट, रेखा बाई तुरकर पूर्व अध्यक्ष, रमणीक देशमुख पूर्व संचालक,जयेश देशमुख, धुरनलाल नागपुरे, रामाजी तुरकर, चुनींलाल उपवंशी, निखिल भौरजार समिति प्रभारी प्रबंधक, एच.एल. टेम्भरे प्रवेक्षक, तोषणलाल गौतम लेखापाल, ओ.एल. उपवंशी, चंद्रगुप्त उपवंशी , धनराज राहगडालें गेंदलाल रागडांले सहित अन्य कृषक एंव कर्मचारी मौजूद रहे।

## विवेकानंद स्कूल सालेटेका में हिन्दी व्याकरण प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





विवेकानंद स्कूल सालेटेका में हिंदी व्याकरण प्रदर्शनी का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया । लेकिन आपने विज्ञान प्रदर्शनी का नाम सुना होगा, पुस्तक मेला देखा होगा, गणित और भूगोल की भी प्रयोगशाला और प्रदर्शनी के बारे में सुना होगा लेकिन हिन्दी व्याकरण प्रदर्शनी के बारे में बहुत ही कम देखने और सुनने को मिलता हैं। जहां 14 सितम्बर हिन्दी दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय से 16 किमी दूर ग्राम सालेटेका में संचालित स्वामी विवेकानन्द स्कूल में हिन्दी व्याकरण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जहाँ शिक्षको को मार्गदर्शन और अभिभावको के सहयोग से छात्र-छात्राओं ने हिन्दी व्याकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओ जैसे वर्ण, संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, विशेषण, संधि, समास और हिन्दी साहित्य के विभिन्न कवि, लेखक और उपन्यासकारों से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषय वस्तुओं को बेहद रोमांचकारी और आकर्षक तरीको से प्रस्तुत किया गया। इस प्रदर्शन से छात्रों का आत्मविश्वास बेहद प्रभावशाली था और चार्टो के माध्यम से हर पहलू बहुत ही स्पष्ट जिज्ञासापूर्ण था। यह एक तर्कपूर्ण और सिद्धांतवादी विधि है, जो छात्रो को रटन की बोरियत साथ ही नोट्स बनाने की परम्परागत विधि को भी एक नवीन रूप देती हैं। हिन्दी दिवस के अवसर पर व्याकरण प्रदर्शनी के अलावा जीवन में हिन्दी के महत्व पर विषय शिक्षको और विद्वानों द्वारा प्रकाश डाला गया जो छात्रो के लिए बेहद प्रेरणादायी था इसके पश्चात छात्रों द्वारा कवि सम्मेलन और वाद-विवाद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जहां छात्रों ने अपनी पाठ्यपुस्तकों की विभिन्न कविताओं के अलावा भी वर्तमान परिवेश मुद्दों पर कविताएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में संस्था के संचालक प्रदीप मेश्राम ने हिन्दी भाषा पर जोर देते हुए कहा कि यह विश्व की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा हैं और हमें इसकी शुद्धता, मिठास और प्रकृति के लिए बढ़ते प्रयास के लिए संकल्पित होने की बात कही और कार्यक्रम में उपस्थित सभी का धन्यवाद किया।